कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट
सोनभद्र – (उ0प्र0)

☎ 05446–252020 PIN Code: 231217 Email: dforkt@yahoo.co.in

पत्रांक– 1354 / रेनुकूट /15–26 दिनांक,रेनुकूट,अक्टूबर, 18, ,2022

सेवा में,

श्री विवेक कुमार,(हेड लीगल)
मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0
रेनुकूट–सोनभद्र ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग अंतर्गत मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 रेनुकूट को 132 के0बी0 विद्युत पारेषण लाइन के खम्भे आदि लगाने हेतु पूर्व में पट्टे पर दी गयी 6.394 हे0 आरक्षित वनभूमि की लीज को पुनः 25 वर्षों हेतु दिनांक 01.04.2022 से दिनांक 31.03.2047 तक नवीनीकरण किये जाने के संबंध में।

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ का पत्र संख्या–2038/11–सी, FP/UP/TRANS/140402/2021 लखनऊ दिनांक–12.10.2022

महोदय,

विषयगत संदर्भित पत्र जो मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को सम्बोधित तथा अधोहस्ताक्षरी व आपको पृष्ठांकित है, का अवलोकन करने का कष्ट करे । प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के संदर्भित पत्र दिनांक– 12.10.2022 द्वारा 5 बिन्दुओ पर कमियों इंगित करते हुए उसके निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है । कमियो का विवरण निम्नानुसार है :–

1– हार्डकापी भाग–2 मे क्षतिपूरक वृक्षारोपण से संबंधित विवरण आदि का पुनः उल्लेख नही किया गया है । अतः विवरण का उल्लेख करते हुये पूर्ण हार्डकापी भाग–2 प्रस्ताव मे संलग्न कर ऑनलाइन अपलोड करे ।

2– प्रस्ताव मे संलग्न उपयुक्तता प्रमाण पत्र , पृष्ठ संख्या– 53 पर संलग्न संलग्नक–30 तथा प्रभागीय वनाधिकारी के DSS Analysis से संबंधित प्रमाण पत्र मे सी0ए0 का नाम, विवरण व Compartment No संलग्न Geo Reference Ditial Map मे उल्लेख किये गये विवरण से भिन्न है । अतः सही उपयुक्तता प्रमाण–पत्र , संलग्नक–30 तथा DSS Analysis से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर ऑनलाइन अपलोड करे ।

3– प्रस्ताव मे संलग्न सी0ए0 स्थल का Geo Reference Ditial Map पुनः रंगीन व मूल मे संलग्न नही किया गया है । अतः प्रस्ताव मे रंगीन Geo Reference Ditial Map मूल मे संलग्न कर ऑनलाइन अपलोड करे ।

4– प्रस्ताव मे सी0ए0 स्थल की टोपोशीट पर लीजेण्ड गलत अंकित है । अतः सही लीजेण्ड अंकित कर संशोधित टोपोशीट प्रस्ताव मे संलग्न कर ऑनलाइन अपलोड करे ।

5– प्रस्ताव मे संलग्न पेनड्राइव मे पूर्ण प्रस्ताव की सभी अभिलेखो की पुनः अलग–अलग पी0डी0एफ0 फाइल अपलोड की गयी है जो कि त्रुटिपूर्ण है । अतः संशोधित प्रस्ताव की एक साथ पूर्ण प्रस्ताव की पी0डी0एफ0 फाइल पेनड्राइव मे अपलोड कर प्रस्ताव के साथ संलग्न करे ।

अतः उक्त ~~उक्त~~ विन्दु संख्या– 3, 4 व 5 से संबंधित सूचना/अभिलेख टेबुलर फार्म मे तैयार कराते हुए पॉच प्रतियो मे इस कार्यालय मे उपलब्ध कराने का कष्ट करे ताकि अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके ।

भवदीय

(मनमोहन मिश्र)
प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट